### रानीपुरा क्षेत्र में दंपति पर किया था कटर से हमला, उपचार के दौरान पति की हो गई थी मौत

# कोतवाली के सामने शव रखकर चक्काजाम

# आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की रखी मांग



**जागरण, सागर।** शहर के साथ जिले में भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और कटरबाजी के साथ आए दिन हत्या की वारदातें हो रही हैं। बीते दिवस कोतवाली थाना क्षेत्र में दंपति पर हमला और पति की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली के सामने शव रखकर गुरुवार को चक्काजाम किया। उन्होंने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के रानीपुरा इलाके में बुधवार की देर शाम बदमाशों ने निगम में मस्टरकर्मी चंद्रलेश चौरसिया उम्र 55 वर्ष पर कटर से हमला कर दिया था। वे गणेश मंदिर के पास समोसे की दुकान भी चलाते थे। चार बदमाशों ने उन पर कटर से हमला कर दिया। आवाज सुनकर पत्नी शशि उर्फ प्रेमबाई चौरसिया जब बीच-बचाव के लिए बाहर आईं तो बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने लगी जिसे देखकर आरोपी भाग निकले। लोगों ने एबुलेंस की मदद से घायल दंपती को बीएमसी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चंद्रलेश चौरसिया की मौत हो गई। गौरतलब है कि इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फेल गई थी।

## आरोपियों के मकान गिराने की मांग उठाई

गुरुवार को मृतक के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को पुलिस ने शव सौंपा। परिजन घटना के बाद से ही आक्रोशित थे और उन्होंने शव को कोतवाली थाना के सामने रखकर चक्काजाम करना शुरू कर दिया। काफी देर चले चक्काजाम के बाद मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंचे। परिजनों और अन्य लोगों की मांग थी कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। परिजन के एक सदस्य को नौकरी दी जाए और आरोपियों के मकान ध्वस्त किए जाए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया।

## निगम सभाकक्ष में शोक सभा कर श्रद्धांजलि

**जागरण, सागर।** निगम कार्यालय के वाहन विभाग में पदस्थ मस्टरकर्मी चंद्रलेश चौरसिया के आकस्मिक निधन पर निगम सभाकक्ष में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शोक सभा में कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, राजेंद्र सनकत आदि मौजूद थे।

## प्रकरण में चार लोगों को किया है चिह्नित

सीएसपी ललित कुमार ने बताया कि प्रकरण में चार आरोपियों को चिन्हित किया है जिनकी तलाश में पुलिस टीम भेजी गई हैं। जल्द ही उन्हें गिर तार कर लिया जाएगा। वहीं मृतक के बेटे राजा चौरसिया ने बताया कि बुधवार रात वह समोसे की दुकान बंद कर रहा था जबकि उसके पिता घर के बाहर थे। इसी दौरान चार लोग वहां पहुंचे और कटर से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज पड़ताल शुरू की है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंघल ने बताया कि प्राथमिक जांच में मृतक और वारदात में शामिल एक आरोपी के परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मृतक के घर में हिस्सा मांगा जा रहा है। संभवतः इसी विवाद को लेकर आरोपी अपने दोस्तों के साथ हमला करने पहुंचा।


### न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील सागर जिला सागर

**सूचना**

क्रमांक/क/ / री.. तह. /2026
सागर दिनांक 24/02/2026

राजस्व मामले में नोटिस / सूचना

आवेदक रवि कुमार यादव पिता हेमराज यादव निवासी रविशंकर वार्ड तहसील व जिला सागर द्वारा मौजा बामनखेड़ी प.ह.नं. 67 स्थित भूमि खसरा नंबर 122/1 में से रकवा 900 वर्गफुट भूमि आवेदक के पिता/केता हेमराज पिता कालूराम यादव नें विक्रेता घनश्याम पिता लम्पू कोम चौधरी निवासी सुभाष नगर वार्ड सागर से पंजीकृत बैनामा कमांक 2923 दिनांक 29.05.1980 के अनुसार कय किया गया था। क्रेता हेमराज पिता कालूराम यादव की दिनांक 07. 02.2017 को मृत्यु हो जाने से वारसान नामांतरण दर्ज किए जाने वावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 27/02/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता) एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 24.02.2026 को जारी किया गया। वाद म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 24.02.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार सागर
नगर सागर

### न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील सागर जिला सागर

**सूचना**

क्रमांक/क/ / री.. तह. / 2026
सागर दिनांक 24/02/2026

आवेदक गुरप्रीत सिंह पिता कुलवीर सिंह निवासी विठ्ठलनगर वार्ड तहसील व जिला सागर द्वारा मौजा मढ़िया कबूला प.ह.नं. 66 स्थित भूमि खसरा नंबर 141/1 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि आवेदक के दादाजी/क्रेता त्रिलोक सिंह पिता भगत सिंह भाटिया में विकेता राजकमल आयल मिल्स द्वारा पार्टनर्स राधेलाल पिता मन्नूलाल माहेश्वरी, नारायण पिता ननूलाल माहेश्वरी निवासी इतवारी टोरी से पंजीकृत बैनामा क्रमांक 8777 दिनांक 30.08.1969 के अनुसार क्रय किया गया था। क्रेता त्रिलोक सिंह पिता भगत सिंह की दिनांक 13.02.1998 को मृत्यु हो जाने से वारसान नामांतरण दर्ज किए जाने वावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 27/02/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता) एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 24.02.2026 को जारी किया गया। वाद म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 24.02.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार सागर
नगर सागर



## जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जागरण, सागर।** वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में असामाजिक तत्वों एवं जिला बदर आरोपियों के विरुद्ध सतत एवं प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गोपालगंज पुलिस ने सक्रिय रोड पेट्रोलिंग के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गोपालगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर का बदमाश जग्गी उर्फ जगदीश पिता भगवान दास रैकवार उम्र 25 वर्ष निवासी बाघराज वार्ड तिली तिरूपतिपुरम क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर सागर सेलिब्रेशन तिरूपतिपुरम क्षेत्र में दबिश दी गई। घेराबंदी के दौरान आरोपी पुलिस टीम को देखकर बचने का प्रयास करने लगाए किंतु पुलिस की सतर्कता एवं सूझबूझ के चलते उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। उक्त आरोपी को जिला दण्डाधिकारी के आदेश तहत 6 माह की अवधि हेतु जिला बदर किया गया था। आदेश के पालन में आरोपी को 6.11.2025 को मालथौन बॉर्डर से जिला सीमा के बाहर छोड़ा गया था। इसके बावजूद आरोपी द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए पुनः सागर शहर में प्रवेश करना पाया गया। आरोपी से सागर आने का वैध कारण पूछे जाने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर किया।

## सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

### डायल-112 स्टाफ ने हादसों में की सहायता

**जागरण, सागर।** 112 कंट्रोल रूम एवं एफआरवी स्टाफ की तत्परता से दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया। पहली घटना थाना राहतगढ़ क्षेत्र की है जब बीती शाम राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि विदिशा रोड पर पंचवटी होटल से आगे एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई है। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही डायल-112 स्टाफ आरक्षक वैभव शुक्ला एवं पायलट अभिषेक पाल ने घायल को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राहतगढ़ पहुंचाया जहां उसका उपचार प्रारंभ किया गया। दूसरी घटना बण्डा क्षेत्र की है जब सूचना प्राप्त हुई कि मगरा गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंचे स्टाफ आरक्षक दशरथ एवं पायलट कौशलेश पाण्डेय ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता प्रदान की तथा गंभीर अवस्था को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुंचाया। यदि उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया तो उसके साथ अनहोनी हो सकती थी।







































## न्यूज कार्नर

### रासेयो के शिविर में नेत्र परीक्षण आयोजित



**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया के छात्र इकाई के गोद ग्राम मिर्जापुर एवं छात्रा इकाई द्वारा ग्राम टीला में आयोजित एनएसएस शिविर के पांचवें दिन विभिन्न जागरुकता गतिविधियां संपन्न हुईं। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर की बाउंड्री वाल की पुताई की तथा गांव के घरों की दीवारों पर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता स्लोगन लेखन कार्य किया। शिविर के अंतर्गत मिर्जापुर में नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ. पीएस राजपूत की टीम ने ग्रामीणों की तथा सभी स्वयं सेवको की आंखों की जांच की। इसके पश्चात् स्वयं सेवकों के साथ बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम किया गया। बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप मिर्जापुर सरपंच अजीत पटेल उपस्थित हुए। विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा एवं शेखताज हसन बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. सुधीर साहू, चिन्मय सेन डॉ. देवेश, श्रीमति प्रियंका राजपूत, राहुल कुर्मी, डॉ. शुक्ला सर, डॉ. पुष्कर सर, डॉ. सारिका मेडम, डॉ. रविता मेडम उपस्थित रहे।

### होली पर्व पर 2 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** होली पर्व के अवसर पर लोकहित एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 2 मार्च को संपूर्ण दिवस तथा 3 मार्च को अपरान्ह 4 बजे तक संपूर्ण दमोह जिले को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। निर्धारित अवधि में जिले में संचालित समस्त मदिरा दुकानें, वाइन शॉप, एफएल-2, एफएल-3 बार, देशी मदिरा मयभंडार दमोह एवं हटा पूर्णतः बंद रहेंगे। इस दौरान मदिरा का क्रय-विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### रंजिश में पूरे परिवार को जहर देने की साजिश

**गुना।** जिले के ग्राम डोंगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पुरानी रंजिश के चलते एक पूरे परिवार को खत्म करने की कथित तौर पर साजिश रची गई। घटना उस समय हुई जब केदार सिंह धाकड़ का परिवार रुठियाई में आयोजित एक शादी समारोह से देर रात अपने घर लौटा। आरोप है कि उनकी गैर मौजूदगी में गांव के ही कुछ विरोधियों ने घर में घुसकर पीने के पानी और रसोई के सामान में जहरीला पदार्थ मिला दिया। परिजनों के मुताबिक, बीती रात करीब 1 बजे जब परिवार अपने घर पहुंचा, तो थकान के कारण केदार सिंह की पत्नी ममता बाई ने सबसे पहले पानी पी लिया। पानी पीते ही उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। संदेह होने पर जब परिजनों ने पानी और अन्य खाद्य सामग्री की जांच की, तो उसमें से सल्फास जैसी तीव्र गंध आ रही थी। आनन-फानन में महिला को गुना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### आनंद धाम में आयुष विभाग का विशेष शिविर

**गुना।** आयुष विभाग के निर्देशों के अनुपालन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला गुना के आनंद धाम वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### जिला बस ऑपरेटर यूनियन ने दी आंदोलन की विस्तृत जानकारी

# प्राइवेट बस मालिकों द्वारा दो मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**जागरण दमोह।** प्रदेश बस यूनियन के आव्हान पर सरकार की नीतियों के विरोध में दमोह जिला बस यूनियन ने भी 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। बस यूनियन के जिला अध्यक्ष शंकर राय के निर्देशन में बस ऑपरेटरों ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जाने वाली सभी यात्री बसें 2 मार्च से नहीं चलेंगे। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए बस यूनियन खेद व्यक्त करता है। बस ऑपरेटर यूनियन के सचिन शमीम कुरैशी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि प्रमुख रूप से उनकी दो मांगे हैं परमिट में टैक्स की राशि 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत कर दी गई है जिसे पुनः 12 प्रतिशत किया जाए नई परिवहन नीति जो गजट में दर्ज की गई है उसे निरस्त किया जाए।




उन्होंने बताया कि सरकार पुनः राज्य परिवहन सेवा बहाल करने की बात करती है और दूसरी तरफ प्राइवेट बसों का संचालन राज्य परिवहन के अधीन कर यात्री किराया में से वसूली करने का मन बन चुकी है। जब बस का संचालन ऑपरेटर कर रहा है। टैक्स सहित पूरे खर्च और कठिनाइयों का सामना कर रहा है। सरकार अपना ठप्पा लगाकर टैक्स के अलावा अतिरिक्त लाभ उठाने की बात कर रही है जिस तरह सूत्र सेवा के नाम से प्रारंभ की गई। यात्री बस सेवा ठप हो गई है। इसी तरह जनता को गुमराह कर राज्य परिवहन बस का संचालन करने की बात तो की जा रही है, सरकार नई बसें खरीदने की जगह प्राइवेट बस ऑपरेटरों के कंधे का सहारा लेना चाहती है और भी अनेक कठिनाइयां हैं, उसके बाद भी किसी तरह से प्राइवेट बस मालिक यात्री बस का संचालन कर रहे। उन्होंने कहा कि समय रहते उनकी मांगे पूरी नहीं होती है अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

इस अवसर पर प्रभारी अध्यक्ष अनिल राय राजा राय, करन सिंह परिहार उपाध्यक्ष, संजीव राय बंटी उपाध्यक्ष, मिठ्ठूचंद जैन, अशोक पाराशर, पप्पू राय, चन्नी लाल राय, रिंकू खान, विक्की जैन, यश राय, धर्मेन्द्र ठाकुर, बंटी कुरैशी, संजय जैन, राजू राय, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, सचिव शमीम कुरैशी आदि की उपस्थिति रही।



## पथरिया रेलवे की लापरवाही तीसरी लाइन क्रॉस कर आवागमन कर रहे यात्री

**जागरण पथरिया।** वैसे तो पथरिया रेलवे स्टेशन पर गिनने को अनेक अनियमितताएं हैं परंतु यहां पर जो सबसे बड़ी अनियमितता है। वह है यात्रियों का जान जोखिम में डाल रेलवे लाइन पार करना अभी हाल ही में एक लड़की की ट्रेन से कट जाने की घटना सामने आई थी। उस घटना को बीते 15 दिन भी नहीं हुए और नाही अबतक यह स्पष्ट हुआ है कि उसकी जान किस लापरवाही के चलते गई थी।

उसके बाद भी लोग धड़ल्ले से अपनी जान जोखिम में डाल रेल्वे पुल की जगह मुख्य लाइन पार कर आवागमन कर रहे है। हालही में तीसरी लाइन का कार्य भी पूर्ण हो गया है और जहां 2 प्लेटफार्म थे अब उनकी संख्या बढ़कर 4 हो गई है और कुछ बड़ी ट्रेनों का आवागमन पथरिया से होते हुए गुजरता है। ऐसे में यात्रियों का लाइन पर कर निकलना किसी बड़ी दुर्घटना को दावत देता है।

**रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही :** इस समस्त घटनाओं में रेलवे कर्मचारियों की भी लापरवाही देखने को मिलती है। अगर जीआरपी और आरपीएफ के कर्मचारी रोजाना गस्त करें। और रेलवे लाइन पार कर रहे यात्रियों पर बंदिश लगाएं तो काफी हद तक हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। परन्तु केंद्र सरकार से वेतन पाकर यह कर्मचारी अपनी भूमिका निभाने से बचते है जिस कारण धड़ल्ले से लोग आवागमन कर कई जानो को जोखिम में डाल रहे है।

### कांटी बस स्टैंड मारपीट मामला

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**हटा।** हटा थाना क्षेत्र के कांटी बस स्टैंड पर बस संचालन को लेकर हुए विवाद में एक बस संचालक पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2026 को सिविल अस्पताल से मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचीए जहां मड़ियादौ निवासी शिवम नौगरईया गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। फरियादी सजल अग्रवाल की रिपोर्ट पर थाना हटा में बीएनएस की धारा 296.बी, 115(2), 118 (1), 351(2), 3/5 के तहत अपराध क्रमांक 33/26 दर्ज किया गया। बताया गया कि शिवम नौगरईया कांटी बस स्टैंड पर बस निकलवाने गया था। दोपहर करीब 12:50 बजे सीताराम बस सर्विस की बस एमपी 16 जेडडी 8150 से जुड़े चालक, कंडक्टर और अन्य साथियों ने विवाद करते हुए शिवम को धमकाया और लोहे के लीवर, व्हील पाना, डंडों तथा हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। हमले में शिवम के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। पीड़ित के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसके विस्तृत बयान और बीएचटी (बेड हेड टिकट) रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में बीएनएस की धारा 109 और 117 (2) भी जोड़ी गईं जिससे मामला हत्या के प्रयास की श्रेणी में शामिल किया गया। जांच के दौरान मुख्य आरोपी सुरेन्द्र उर्फ पड़ू नगायच निवासी निंदनी मड़ियादौ तथा नमन उर्फ छोटू गोस्वामी निवासी उदयनगर कॉलोनी, सागर रोड छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का लीवर और व्हील पाना जब्त किया गया है। संबंधित बस को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी, उपनिरीक्षक नरेंद्र तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक अरविंद राय मौजूद रहे।

## नगर पालिका के कर वसूली शिविर में 10 लाख रुपए प्राप्त

**जागरण दमोह।** दमोह नगर पालिका द्वारा शासन के निर्देशानुसार एक दिवसीय विशेष कर वसूली मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने बकाया कर टैक्स का भुगतान किया। नगर पालिका परिसर में आयोजित इस मेगा शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और लंबित करों का निराकरण कराया। शिविर के दौरान करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष काउंटर बनाए गए थेए जिससे भुगतान प्रक्रिया सरल और सुव्यवस्थित रही। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर के पहले ही दिन लगभग 10 लाख से अधिक की कर राशि नगर पालिका को प्राप्त हुई है। उन्होंने नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य कर संग्रहण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी अपील की कि जिन नागरिकों का कर बकाया है, वे समय पर कर जमा कर नगर विकास कार्यों में सहभागी बनें।

## जिला स्तरीय कोर समिति की कार्यशाला संपन्न

**जागरण दमोह।** किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय कोर समिति की कार्यशाला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में एक निजी होटल में संपन्न हुई। कार्यशाला में कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा यह कार्य उनके लिए सर्वोपरी कार्यों में से एक है एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाला हैए मैपिंग के माध्यम से निकले वंचित परिवारों एवं बच्चों के जीवन में शासन विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से जितना ज्यादा से ज्यादा जुडाव हो सके यह न केवल मेरे व्यवहारिक जीवन के लिए बल्कि व्यक्तिगत जीवन के लिए खुशी का विषय होगा। उन्होंने कहा शीघ्र ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा हॉट स्पॉट का चिन्हाकन कर अलग-अलग टीम के माध्यम से सर्वे किया कार्य किया जाकर समय सीमा में डेटा कलेक्सन किया जायेगा और विश्लेषण कर पात्र लोगों को जिन योजनाओं से तात्कालिक जोड़ा जा सकता है उन्हें तात्कालिक लाभ दिया जायेगा।



जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया किशोर न्याय बालको की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार एवं समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देने एवं जोखिम ग्रस्त बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जाकर एवं समावेशी एवं सक्षम वातावरण तैयार किये जाने के परिपालन में प्रथम चरण में 13 जिलो में ग्राम ब्लाक वार्ड में वंचित परिवारों एवं बच्चों के चिन्हाकन वल्नेरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से किया जाना है।

कार्यशाला में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों का भोपाल से आये डेवलपमेंट पार्टनर्स के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मेपिंग टूल पर एवं इसके उदेश्यों आदि पर विस्तार से बताया गया। जिला स्तरीय कोर कमिटी से उपस्थित जिला विधिक अधिकारी, पुलिस विभाग से ट्रेफिक प्रभारी, एसजेपीयु प्रभारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला समन्वयक आरजीएस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, बाल श्रम जिला अधिकारीए श्रम अधिकारी, सेडमेप जिला समन्वयक आदि जिला अधिकारियों को इस कार्यशाला के उदेश्य एवं विभिन्न विभागों की बच्चों एवं परिवारों के लिए योजनायें एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागों से पधारे अधिकारियों ने कार्य में योगदान एवं सहयोग हेतु का आश्वासन दिया। कार्यशाला में भोपाल से पधारे डेवलपमेंट पार्टनर्स ज्योति रंजन ममता संस्था बाकर, जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन मास्टर ट्रेनर्स, बाल संरक्षण अधिकारी सह समस्त आइसीपीएस स्टाफ, परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यावेक्षक उपस्थित रहे।

## दोषपुर में भीषण आगजनी, मलबे में तब्दील हुई गृहस्थी

**जागरण, गुना।** म्याना थाना अंतर्गत ग्राम दोषपुर में एक रिहायशी मकान में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में पीड़ित हम्बीर सिंह कुशवाह का पूरा घर आग की चपेट में आ गया, जिससे लाखों रुपए के जेवरात और घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना उस समय हुई जब परिवार के अधिकांश सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और घर पर केवल बुजुर्ग हम्बीर सिंह और उनकी पत्नी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, आग मकान की ऊपरी मंजिल पर बनी कच्ची अटारी से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। घर में मौजूद बुजुर्ग दंपत्ति आग पर काबू पाने में असमर्थ रहे। जब आग की लपटें विकराल हुईं, तब ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए निजी ट्यूबवेल की मदद से मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित परिवार के सदस्य अनिल कुशवाहा जब शादी से वापस लौटे, तो घर का मंजर देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनिल ने बताया कि घर में रखे सोने के बाला, मंगलसूत्र, अंगूठी और चांदी की पायल सहित करीब एक लाख रुपये से अधिक के जेवरात मलबे में तब्दील हो गए हैं।

## गैरहाजिर मिले 6 सफाईकर्मियों का वेतन काटने के दिए निर्देश

**जागरण, गुना।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से प्रभारी सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री ने गुरुवार सुबह वार्ड क्रमांक 9 और 10 का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रातः कालीन भ्रमण के दौरान स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 6 सफाई कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्वच्छता प्रभारी को तत्काल उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने न केवल साफ-सफाई देखी, बल्कि पार्षदों वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि लालाराम लोधा और वार्ड 10 के पार्षद विनोद लोधा द्वारा उठाई गई नाली निर्माण और गलियों में सड़क मरम्मत जैसी मांगों का भी स्थल निरीक्षण किया।

उन्होंने मौके पर मौजूद प्रभारी उपयंत्री को इन कार्यों के लिए शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील करते हुए सुश्री खत्री ने मुख्य सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने की हिदायत दी। साथ ही, उन्होंने अमानक पॉलीथिन का उपयोग न करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण और स्वच्छता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### करोड़ों की शासकीय जमीन ने प्रशासन हटाएगा कब्जा

## विकास कार्यों में रोड़ा बन रहे अवैध अतिक्रमण

**जागरण, मधूसूदनगढ़।** भोपाल रोड वर्षों से वेश कीमती शासकीय भूमि पर कई रसूखदारों ने कब्जे कर रखे थे इन कब्जों को हटाने को कभी भी प्रशासन की ओर से पहल नहीं हुई पर अब इन बेशकीमती जमीनों के कब्जे हटाने को लेकर नगर नगर परिषद अध्यक्ष श्याम लाल अहिरवार ने कलेक्टर को लिखित शिकायती आवेदन देकर पहल की थी क्योंकि लोगों के कब्जे होने से नगरपरिषद के विकास कार्यों के लिए जमीन मौके पर उपलब्ध नहीं हो रही थी अध्यक्ष की शिकायत के बाद ये मामला अखबारों की सुर्खिया में रहा था। उक्त मामले में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के आदेश एवं एसडीएम राघोगढ़ अमित कुमार सोनी द्वारा दिए निर्देश के पालन में दिनांक 24 फरवरी 2026 को राजस्व एवं नगर परिषद टीम द्वारा खबर में प्रकाशित सर्वे नंबरों की मौका स्थल जांच कर चिन्हित की गई जिसके दौरान पाया गया कि ग्राम मधूसूदनगढ़ स्थित क्रमांक 285 रकवा 0 .564 हे. भूमि शासकीय रास्ते के रूप में दर्ज है उक्त भूमि पर मौके पर अंबिका प्रसाद पुत्र मिश्री लाल साहू लालाराम पुत्र देवी राम साहू मांगीलाल पुत्र जमुनालाल साहू शेषनारायण पुत्र किशन लाल साहू रमेश पुत्र हीरालाल साहू घनश्याम पुत्र किशन लाल साहू फूलचंद पुत्र किशन लाल साहू ओमप्रकाश पुत्र किशन लाल साहू अमित पुत्र मदन मोहन जाति अग्रवाल देवेंद्र पुत्र हेमराज जाति पालीवाल अतुल पुत्र ओम प्रकाश जाति सोत्री वरुण पुत्र जगदीश ब्राह्मण पिंटू पुत्र अवधेश ब्राह्मण एवं ग्राम गणेशपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 38, 39 , 37/1 रास्ते के रूप में दर्ज है जिसमें सर्वे क्रमांक 38,39 पर कौशलेंद्र पुत्र जगमोहन जाति अग्रवाल एवं सोनू पुत्र सत्तार खान जाति मुसलमान का भोपाल रोड पर चौधरी पेट्रोल पंप के आसपास उक्त सभी लोगों का अतिक्रमण पाया गया।



इस मोके पर तहसीलदार मधूसूदनगढ़ डॉ उदय सिंह नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली सीएमओ नगर परिषद वीरेंद्र चक्रवर्ती राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील पटवारी राकेश यादव इंजीनियर रवि बुनकर एवं समस्त राजस्व एवं नगर परिषद की टीम द्वारा मौका निरीक्षण किया गया जिसकी कार्यवाही मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 तथा नजूल निवर्तन नियम संशोधित 2020 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी जांच के दौरान ग्राम गणेशपुरा स्थित सर्वे क्रमांक 36/3 रकवा 0.418 आबादी के रूप में अंकित है सर्वे क्रमांक 36/1 बस स्टैंड हेतु आरक्षित पाया गया।

### ग्वालियर आईजी ने गुना में ली पुलिस की समीक्षा बैठक

# एससी-एसटी एक्ट के लंबित अपराधों को प्राथमिकता से निपटाएं

**जागरण, गुना।** ग्वालियर जोन के आईजी अरविंद कुमार सक्सेना ने गुना पुलिस कंट्रोल रूम में जिले की पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। आईजी श्री सक्सेना ने विशेष रूप से एससी/एसटी एक्ट से संबंधित लंबित अपराधों, चालान और राहत प्रकरणों की थानावार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसे मामलों में पुलिस को अधिक प्रभावी और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना होगा ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

साथ ही, उन्होंने एससी/एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में जनचेतना शिविर लगाकर ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों और शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए आईजी सक्सेना ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित अपराधों का एक निश्चित समयावधि में निराकरण किया जाए।




उन्होंने जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के विरुद्ध %जीरो टॉलरेंस% की नीति अपनाते हुए विशेष अभियान चलाने को कहा। आईजी ने संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता दिखाने और शत-प्रतिशत रिकवरी के प्रयास करने के साथ-साथ नाबालिगों के अपहरण के मामलों में तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें दस्तयाब करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन और वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर भी विशेष बल दिया गया। आगामी त्योहारों—होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती और अंबेडकर जयंती—को दृष्टिगत रखते हुए आईजी ने जिले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने थाना क्षेत्रों के असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने और गंभीर अपराधों में जमानत पर बाहर रहकर दोबारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की हिदायत भी पुलिस अधिकारियों को दी है। इसके अलावा पुलिस थानों में रिकॉर्ड संधारण को सुव्यवस्थित करने, साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और लंबित विभागीय जांचों को शीघ्र पूर्ण करने की बात भी आईजी ने बैठक में कही है।

## अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने और वनों को आग से बचाने चर्चा

**जागरण, मधूसूदनगढ़।** वन परिक्षेत्र मधूसूदनगढ अंतर्गत वन अग्नि एवं अतिक्रमण से निपटने के लिये की गई रणनीति तैयार गुरुवार को वन परिक्षेत्र मधूसूदनगढ अंतर्गत वन मण्डलाधिकारी अक्षय राठौर के निर्देशन में उप वनमंडलाधिकारी बीनागंज इन्द्रसिंह धाकड़ एवं धर्मेन्द्र शर्मा वन परिक्षेत्र अधिकारी मधूसूदनगढ के नेतृत्व में परिक्षेत्र मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न वन समितियों के अध्यक्षों एवं स्टाफ से वन अग्नि एवं अतिक्रमणकारियों की रोकथाम एवं बेदखली हेतु चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों को वन अग्नि अतिक्रमण के दुष्परिणामों से अवगत करवाकर वनों में अग्नि नही लगाने, अतिक्रमण एवं उसकी बेदखली हेतु चर्चा की गई एवं आवश्यक रणनीति तैयार की गई। आज की बैठक से भूमाफियों एवं अतिक्रमणकारियों में भय व्याप्त हुआ है एवं ग्रीष्म ऋतु में वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## न्यूज कार्नर

### युवा संगम रोजगार मेला संपन्न

जागरण,छतरपुर । कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में बुधवार को शासकीय महाविद्यालय चंदला में युवा संगम रोजगार स्व रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 09 कम्पनीयों में कुल 335 पंजीयन हुए। कम्पनी द्वारा 238 प्रशिक्षणार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियां उपस्थित हुई। जिसमें मदरसन सुमी नोएडा द्वारा 42, साटा विकास प्राइवेट लिमिटेड नोएडा द्वारा 35, टीम लीज दिल्ली 38, आई सेक्ट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल 26, वर्ल्ड क्लास अरवन प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा 32, स्पेक्ट्रम टेलेन्ट मैनेजमेन्ट भोपाल द्वारा 18, एलडीसी प्राइवेट लिमिटेड पीथमपुर द्वारा 26, एस.आई.एस सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड अनूपपुर द्वारा 16 एवं गेल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड गुना द्वारा 5 का प्रारंभिक चयन किया गया।

### ट्रांसफार्मर सुधार कार्य हेतु 28 फरवरी को विद्युत प्रभाव अवरूद्ध रहेगा

जागरण,छतरपुर । कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग म.प्र.पू. क्षे. वि. वि. कं. लि. छतरपुर ने विद्युत उपभोक्ताओ को सूचित करते हुए बताया कि वितरण केंद्र छतरपुर अंतर्गत 220 के.व्ही. उपकेंद्र छतरपुर में 63 एमबीए ट्रांसफार्मर के एचवी साइड आर-फेज बुशिंग टर्रेट से तेल रिसाव होने से 28 फरवरी 2026 को सुधार कार्य होने के कारण प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। 33 के.व्ही.बसारी फीडर के प्रभावित क्षेत्र उपकेन्द्र चंद्रपुरा के गठेवरा, ब्रजपुरा, सिमारिया, ओम साई राम होटल स्टेशन रोड, गठेवरा इंजीनियर कॉलेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालाजी इन्डस्ट्रीज, गढ़ी मलहरा फीडर के हमा अंतर्गत निवारी, खौंप, सरानी, कांटी, रक्शा पुरवा, चौकी पुरवा, मौरवा एवं ढड़ारी फीडर के ललौनी, परा, कतरवारा, पराचौकी, बूदौर, उदयनपुरवा, चौका, रसुइयाभाटन, बजरंगगढ रमनपुरा एवं 33 के.व्ही. लाईन से संबंधित समस्त क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त कार्य की समय अवधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल कर सकते हैं।

6 साल तक के सभी बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केन्द्रों में हो : कलेक्टर

# बक्सवाहा सीडीपीओ की टीएचआर बेनेफिशियरी में खराब प्रगति पर शोकॉज, नोटिस मिलेंगे



जागरण,छतरपुर। महिला बाल विकास विभाग की बैठक गुरूवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, डीपीओ महिला बाल विकास दिनेश दीक्षित, सीडीपीओ सहित महिला सुपरईवाजर उपस्थित रहीं। कलेक्टर जैसवाल ने निर्देश दिए कि 6 माह से 6 साल तक के कोई भी बच्चे आंगनबाडियों में पंजीकरण से छूटें नहीं। इसके संबंध में कार्यकर्ताओं से प्रमाण पत्र लें और यदि समग्र ई-केवायसी एवं आधार कार्ड की समस्याएं आ रही हैं तो उनका निराकरण करें। उन्होंने बक्सवाहा परियोजना में कुछ शेष आंगनबाडियां नहीं खुलने पर स्पष्ट निर्देश दिए कि माह में निर्धारित दिनों में शतप्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्र खुलें और पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करें। गौरिहार परियोजना में आंगनबाडियों में प्री स्कूल एजुकेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्री स्कूल एजुकेशन दिलाएं। गौरिहार में बच्चों द्वारा प्री स्कूल एजुकेशन न दिए जाने पर कलेक्टर ने कहा कि जो बच्चे केन्द्रों में नहीं आ रहे हैं, उनके स्कूल जाने के संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। टीएचआर बेनेफिशियरी हेतु गर्भवती, धात्री महिलाएं एवं 0-3 वर्ष के बच्चों के आधार कैम्पों में ई-केवायसी, फेस केप्चरिंग कराएं जिसके लिए विशेषरूप से राजनगर-2, बड़ामलहरा-2 परियोजना को निर्देश दिए। साथ ही बक्सवाहा सीडीपीओ की टीएचआर बेनेफिशियरी में खराब प्रगति पर शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

हॉट कुक्ड मील वितरण की समीक्षा कलेक्टर ने हॉट कुक्ड मील वितरण की समीक्षा करते हुए बड़ामलहरा-1 सुपरवाईजर द्वारा पोर्टल पर एंट्री नहीं करने पर 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से पोर्टल पर एचसीएम वितरण की एंट्री सुनिश्चित करें। अपार एवं आभा आई-डी में बनाए जाने संबंधी जन्म प्रमाण पत्र संबंधी समस्या के निराकरण कर आईडी बनाने के निर्देश दिए। चयनित सैम बच्चों के विरूद्ध एनआरसी में बच्चों को भर्ती कराएं। बक्सवाहा में एनआरसी में बच्चों की भर्ती कम होने पर सीडीपीओ की 1 वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लाड़ली लक्ष्मी योजना में बड़ामलहरा-1 एवं बिजावर परियोजना में लक्ष्य के विरूद्ध आवेदनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं छतरपुर नवीन परियोजना सीडीपीओ को योजना में खराब प्रगति पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों के समग्र सत्यापन के भी निर्देश दिए। पीएम मातृ वंदना योजना में सेकंड वर्थ चाइल्ड होने पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर पर दर्ज जनवरी माह के सेम मेम बच्चों के चिन्हांकन की समीक्षा की। जिसमें निर्देश दिए कि सेम मेम बच्चों के डोर-टू-डोर सर्वे कर चिन्हांकन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कमजोर बच्चों के सही वजन कर सेम मेम बच्चों का चिन्हांकन करें और कोई भी बच्चा चिन्हांकन से छूटे नहीं। साथ ही गलत डाटा दर्ज करने वाली कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही करें एवं पोषण ट्रेकर पर शतप्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने सुपरवाईजरों को य आंगनवाडियों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा।

## घर में घुसकर दम्पत्ति और बच्चे पर हमला करने वाले चार पर मामला दर्ज

जागरण,ईशानगर। थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव में देर रात पति-पत्नी और उनकी बच्ची के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना छतरपुर जिले की है, जो मध्य प्रदेश में स्थित है। पीड़ित छोटू अहिरवार ने बताया कि 25 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे गांव के ही बब्लू अहिरवार, अरुण अहिरवार, अंकित अहिरवार और अनिकेत अहिरवार उसके घर पहुंचे और उसकी पत्नी सुरेखा अहिरवार तथा बच्ची बबली अहिरवार को लेकर विवाद करने लगे। पुराने विवाद और चोरी के शक को लेकर कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद आरोप है कि आरोपियों ने बेल्ट और डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित के मुताबिक जब मोहल्ले के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया और सभी को जान से मारने की धमकी दी गई। शोर-शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। घटना में चोटें आने की बात कही गई है और पीड़ित परिवार ने जान का खतरा बताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मेडिकल परीक्षण और बयानों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के प्रयास में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार




जागरण,छतरपुर । थाना जुझार नगर क्षेत्र अंतर्गत रामसनेही पुरवा ग्राम ज्योराहा में पीड़ित के साथ मारपीट संबंधी परिजन की रिपोर्ट पर थाना जुझार नगर में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पंजीबद्ध प्रकरण में मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार हत्या के प्रयास, गंभीर चोट संबंधी धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम द्वारा गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या के प्रयास घटना में सम्मिलित दो आरोपी मूलचंद कुशवाहा पिता कल्लू कुशवाहा निवासी रामसनेही पुरवा ज्योराहा, कृपाल कुशवाहा पिता रामेश्वर कुशवाहा निवासी रामसनेही पुरवा ग्राम ज्योराहा को गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जुझार नगर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, आरक्षक अमन, राममूर्ति, उमेश एवं टीम की भूमिका रही।

## गांव-गांव बिकने लगी अवैध शराब, पुलिस एवं आबकारी विभाग का ठेकेदारों को संरक्षण

जागरण,छतरपुर। जिले में अवैध शराब का कारोबार वैसे तो पूरे साल चलता है लेकिन जैसे ही मार्च का महीना आता है तो पूरे जिले के गांव-गांव में शराब का अवैध कारोबार तेजी से शुरू हो जाता है और शराब ठेकेदारों को इस अवैध कारोबार को संचालित करने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग का पूरी तरह से संरक्षण रहता है। मार्च के महीने के बाद ठेके की अवधि समाप्त हो जाती है इस कारण ठेकेदार अधिक कमाई के चक्कर में गांव गांव अपने आदमी सक्रिय कर देते हैं जो दो पहिया और चार पहिया वाहन से गांव गांव तक शराब पहुंचाते हैं। अभी कुछ दिनों पहले ईशानगर क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें बाइक से शराब ले जाई जा रही थी। ठेकेदार चाहता है कि मार्च में अधिक से अधिक शराब की विक्री हो जाए क्योंकि 31 मार्च के बाद ठेके बदल जाते हैं भले ही कुछ राशि बढाकर पुराने ठेकेदार को ही ठेके मिल जाते हैं लेकिन मार्च खत्म होने से पहले ठेकेदार भारी मात्रा में शराब बेंचने का प्लान बना लेते हैं। इन दिनों ठेकेदारों के कुछ गुर्गे गांव गांव शराब पहुंचा रहे हैं। शाम होते ही गांव गांव में दो पहिया और चार पहिया वाहन से शराब की खेप पहुंचने लगती है। कई गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि किराना दुकानों और कुछ ठेके दार के गुर्गों के यहां शराब पहुंचाई जाती है। जो खुलेआम बेंचते हैं शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल भी दूषित हो रहा है। गांव गांव में जगह जगह शराब मिलने के कारण लोगों के घरों में अशांति पैदा हो रही है। शराब की अवैध बिक्री में ठेकेदार के साथ आबकारी और पुलिस की खुलेआम मिली भगत देखी जा रही है। देखना यह है कि अब पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन शराब के इस अवैध करोबार पर शिकंजा कस पाते हैं या नहीं।

## स्काई डाइविंग के हादसे का वीडियो वायरल: क्या इसलिए समय से पहले बंद किया गया आयोजन



जागरण,खजुराहो। रोमांच और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित स्काई डाइविंग शो अब सवालों के घेरे में है। कार्यक्रम के दौरान कथित हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,दावा किया जा रहा है कि घटना की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई और मामले को दबाने की कोशिश हुई,अब सवाल उठ रहे क्या इसी वजह से समय से पूर्व बंद किया गया आयोजन । जानकारी के अनुसार कार्यक्रम तय समय से पहले ही समेट दिया गया,वायरल वीडियो में काफी भीड़ दिखाई दे रही है जिसमें स्काई डाइवर को एम्बुलेंस में ले जाया गया,मामले में डॉ.यशवंत बमौरिया ने बताया कि उस दौरान डॉ.वर्मा ड्यूटी पर थे, डॉ.एस.आर.वर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति को एम्बुलेंस में लिया गया था,जो स्काई डाइविंग के दौरान लैंड करते समय जमीन पर खचुड़ गया था,हालांकि बाद में वह चला गया।चर्चा है कि सुरक्षा कारणों से इसे अचानक बंद किया गया, लेकिन आधिकारिक स्तर पर स्पष्ट बयान सामने नहीं आया। इससे संदेह और गहरा गया है। गौरतलब है कि लैंडिंग स्थल पर पहले भी दिखा था खतरा जब लैंडिंग स्थल पर भैंसों का झुंड घूमता देखा गया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी

### स्काई हाई की सुरक्षा पर सवाल


आयोजन से जुड़ी एजेंसी स्काई हाई की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं,क्या इससे जुड़े लोग ट्रेंड हैं क्या उपकरणों की नियमित जांच हुई थी क्या लैंडिंग ज़ोन पूरी तरह सुरक्षित सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाए और पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए।

## संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन



जागरण, गंजबासौदा। नगर के उत्कर्ष भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के मध्य क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख अनिल जी डागा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अनिल डागा ने संघ की 100 वर्षों की विकास यात्रा, समाज परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। डागा ने संघ द्वारा संचालित विभिन्न सेवा और संगठनीकरण कार्यों का उल्लेख करते हुए समाज को जागरूक और संगठित करने के लिए पंच परिवर्तन के माध्यम से आव्हान किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति और इतिहास को गौरवान्वित करते हुए कहा, भारत का इतिहास स्वर्णिम रहा है, जिसमें अनगिनत महापुरुषों ने राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। उन्होंने उपस्थित जनों से समाज में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की और समाज के हर वर्ग को सक्रिय रूप से राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध जन, शिक्षाविद, व्यापारी वर्ग और मातृशक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में सकारात्मक चर्चा रही और यह सुनिश्चित किया गया कि समाज में संघ के विचारों और कार्यों को अधिक से अधिक फैलाया जाए। कार्यक्रम की सफलता पर आयोजकों ने संघ की शताब्दी वर्ष की यात्रा को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए आगामी कार्यों की रूपरेखा भी साझा की।

### गुमशुदा की तलाश



नाम-राहुल शिल्पकार

उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम फतेहपुर मरमटा (सांची), रंग सांवला, कद ऊंचा

पता होने पर संपर्क करें

थाना सांची- 07482266736, 9977991052, 62669338388, 9630411054, 8085492693,

पता बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा

चांदी का मुकुट व छत्र बरामद, आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

# एआई सीसीटीवी कैमरों की मदद से 24 घंटे में हनुमान मंदिर चोरी का खुलासा

जागरण, गंजबासौदा।

**चूड़ी मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। एआई तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान कर उसके पास से चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।**



पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन तथा एसडीओपी शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में थाना देहात पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की।

जांच के दौरान कस्बे में लगे लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। आरोपी द्वारा मास्क लगाए जाने के बावजूद एआई तकनीक की सहायता से संदिग्ध का स्केच तैयार किया गया। च360 डिग्री दृष्टि अभियानज् के तहत लगे कैमरों के फुटेज के तकनीकी विश्लेषण से आरोपी की पहचान विनय दुबे (21) पिता सुधीर कुमार दुबे, निवासी वार्ड 17 गणेशपुरा, हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी भानपुर, भोपाल के रूप में हुई।

पुलिस टीम ने भोपाल पहुंचकर आरोपी से पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने चांदी का मुकुट और छत्र अपने भानपुर स्थित घर में छिपाकर रखा था। पुलिस ने दोनों सामान विधिवत जब्त कर लिए। बरामद चांदी के मुकुट और छत्र की कुल कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय बेदिया, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक रोहित कौरव, उपनिरीक्षक लक्ष्मण डाबर, प्रधान आरक्षक दिव्यक्रांति भार्गव, आरक्षक रामनिवास मीना, आरक्षक सचिन जाट, आरक्षक राकेश जाटव, आरक्षक राहुल झा एवं आरक्षक ऋषभ श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सहकारी संस्थाओं के अध्ययन के लिए छात्र-छात्राओं का दल रवाना

जागरण, गंजबासौदा। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए डी के झारिया, उपायुक्त सहकारिता द्वारा महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं के दल को रवाना किया यह दल 4 सहकारी संस्थाओं का अध्ययन करेगा। आराधना ठाकुर सहायक अध्यापक कृषि महाविद्यालय के नेतृत्व में हरी झण्डी डीन कृषि विद्यालय द्वारा दिखाकर फिनिक्स बीज सहकारी समिति मर्यादित सीहोरा को रवाना किया गया। बीज सोसायटी में छात्र-छात्राओं को अध्ययन में बतलाया गया कि बिना बीज के पौधे के माध्यम से रूट निकालकर छोटे-छोटे पौधे प्रयोग शाला में तैयार किये जाते हैं। उक्त पौधों की खाद्य स्पेशल होती है तथा पौधों पर ठण्ड, गर्मी आदि के नियंत्रण हेतु विशेष उपकरणों को लगाया गया है। पौधे छोटे-छोटे प्लास्टिक के डिब्बो में तैयार होकर एक निश्चित मापदण्ड के अंतर्गत तैयार विक्रय किये जाते हैं।बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सीहोरा में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण प्रणाली का अध्ययन कर प्रबंधक द्वारा बतलाया गया कि संस्था में पंजीयन द्वारा सदस्य बनाये जाते हैं। तथा उन्हें अल्पकालीन एवं दीर्घ कालीन ऋण दिया जाता है। 3 लाख रूपये तक का ऋण बिना ब्याज का 1 वर्ष की अवधी के लिये दिया जाता है। जो वर्षांत तक जमा होता है। पशु पालन हेतु ऋण एक जानवर के लिये 18 हजार तक का प्रदाय किया जाता है।

## विधायक उमाकांत शर्मा की पहल पर वनरक्षक निलंबित

### वन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

जागरण, लटेरी।

लटेरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक उमाकांत शर्मा ने वन परिक्षेत्र उत्तर लटेरी के वनरक्षक वीरनारायण जोशी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई उस ऑडियो के वायरल होने के बाद की गई, जिसमें वनरक्षक जोशी रिश्वत लेने की बात कबूल कर रहे थे।

विधायक उमाकांत शर्मा ने वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए 19 फरवरी 2026 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को पत्र प्रेषित किया। इसके बाद, उन्होंने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। विधायक की पहल पर, 25 फरवरी को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के रूप में यह मामला उठा, जिसके बाद वन राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी को तुरंत निलंबित किया जाएगा।

चर्चा के बाद, वनरक्षक वीरनारायण जोशी को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही, वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई तेज करने और लटेरी क्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर 358, 359, 360, 361 में अतिक्रमण मुक्ति की कार्रवाई शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया।

विधायक उमाकांत शर्मा ने सागौन की अवैध कटाई को रोकने की भी मांग की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लटेरी क्षेत्र में वन माफियाओं पर शिकंजा कसने की आवश्यकता है। इस कदम से यह उम्मीद जताई जा रही है कि अब राज्य में वन संसाधनों के अवैध दोहन को रोकने के लिए सख्त उपाय किए जाएंगे।

## डिवाइडर हटते ही बदली बरेठ रोड की तस्वीर हुआ सीसीकरण, यातायात अब और सुगम



जागरण, गंजबासौदा।

शहर के व्यस्ततम बरेठ रोड पर आखिरकार लोगों को बड़ी राहत मिल गई है। विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के सामने आए दिन जाम और दुर्घटना की आशंका का कारण बन रहा डिवाइडर हटाए जाने के बाद अब सड़क के बीच बनी खाली जगह पर नगर पालिका ने सीसी कार्य करवा दिया है। इससे न केवल सड़क चौड़ी हो गई है बल्कि यातायात भी पूरी तरह सुचारु हो गया है।

दरअसल, मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत बरेठ रोड पर दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में नपा प्रशासन ने बीच का डिवाइडर जेसीबी मशीन से हटवा दिया था। डिवाइडर हटते ही सड़क तो चौड़ी हो गई, लेकिन बीच में खाली जगह रहने से मिट्टी धंस गई और गहरे गड्ढे बन गए। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया था।

लगातार मिल रही शिकायतों और आमजन की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीच की खाली जगह से मलबा हटाकर सीसी कार्य करा दिया। अब सड़क पूरी तरह समतल और पहले से अधिक चौड़ी दिखाई दे रही है। बड़े वाहन भी अब बिना रुकावट आसानी से निकल पा रहे हैं।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने इसे शहर के लिए सकारात्मक कदम बताया है। उनका कहना है कि लंबे समय बाद बरेठ रोड पर यातायात की समस्या से राहत मिली है।

शहरवासियों को उम्मीद है कि इसी तरह अन्य प्रमुख मार्गों पर भी सुधार कार्य तेजी से पूरे किए जाएंगे, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके।

## स्मरण मात्र से भाव-विभोर हो जाते हैं प्रभु श्रीराम : श्रीमहंत राममनोहरदास

जागरण, गंजबासौदा।



सेवा-धर्म भावुकता या दिखावे का विषय नहीं, बल्कि त्याग की कठोर साधना है। जो सेवा का मार्ग चुनता है, उसे अपने सुख, सुविधा और स्वार्थ का परित्याग करना पड़ता है। सेवा के नाम पर मंचीय प्रदर्शन आसान है, लेकिन वास्तविक सेवा में समय, श्रम और सुविधा छोड़नी पड़ती है। योग के नियम, आसन और प्राणायाम साधे जा सकते हैं, पर सेवा-धर्म का निर्वाह वही कर पाता है, जो अपने अहं को पीछे छोड़ दे। सेवा अधिकार नहीं, केवल समर्पण होता है। भरत जी ने सत्ता और वैभव से दूर रहकर प्रभु-सेवा को चुना, यही उनका आदर्श चरित्र है। आज के समय में अधिकार की होड़ बढ़ रही है, ऐसे में भरत-भाव समाज को विनम्र नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। चित्रकूट में स्वयंपाकी परमहंस जी महाराज के आश्रम में भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष्य में सनकादिक आश्रम में आयोजित हो रही नवदिवसीय भरत चरित्र की कथा के आठवे दिवस में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को मार्मिक संदेश दिया। कथा व्यास का पूजन पंडित परमानंद शास्त्री भोपाल द्वारा यजमान नागेंद्र उपाध्याय ममता उपाध्याय ने किया। चित्रकूट की महिमा पर प्रकाश डालते हुए महाराजश्री ने रामकथा को च्मंदाकिनीज् की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे मंदाकिनी में स्नान से देह पवित्र होती है, वैसे ही रामकथा में मन डुबाने से अंतःकरण शुद्ध होता है। चित्रकूट वह भूमि है, जहां रामकथा की अविरल धारा बहती है और श्रद्धालु इसी धारा में अपने भीतर की अशांति को धोते हैं। रामकथा से मन का शोधन होता है और जीवन में मंगल का उदय होता है। प्रभु श्रीराम का चरित्र जीवन में मर्यादा, संयम और करुणा का संस्कार भरता है। कथा का प्रभाव केवल सुनने तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि आचरण में उतरकर व्यक्ति के व्यवहार को भी बदलता है। महाराजश्री ने कथा के दौरान व्यास पीठ से श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे कथा को केवल सुनें नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारें।भरत-भाव की व्याख्या करते हुए महाराजश्री ने कहा कि यह भाव अधिकार से नहीं, समर्पण से जन्म लेता है। भरत जी ने राजसत्ता का त्याग कर सेवा को अपनाया यही उनके चरित्र की मूल शिक्षा है। उन्होंने प्रभु के प्रति अपना प्रेम अधिकार के रूप में नहीं, दायित्व के रूप में जिया। कथावाचक ने भरत जी के चरित्र का स्मरण कराते हुए कहा कि सेवा में रत होने के लिए व्यक्ति को अपनी नींद, भोजन, स्वतंत्रता और सुविधा तक छोड़नी पड़ती है। यही कारण है कि सेवा-मार्ग सबसे कठोर माना गया है। लक्ष्मण जी की सेवा-निष्ठा और देवी सुनैना द्वारा धर्म-नीति के संस्कारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदांत की सूक्ष्मताओं को समझना संभव है, पर भरत-प्रेम की महिमा को शब्दों में बांध पाना कठिन है। भरत जी का प्रेम इतना विराट है कि स्वयं प्रभु श्रीराम भी उनके स्मरण में भाव-विभोर हो उठते हैं। जब भरत-चरित्र का वर्णन होता है, तब कथा-व्यास स्वयं प्रेम-सिंधु में डूब जाते हैं। यह भूमि चित्रकूट उसी प्रेम-सिंधु के कणों से पावन हुई है। आज भी यहां की धूल, कण-कण में भरत-भाव की सुगंध है और सीताराम प्रभु के चरणों की स्मृति अंकित है।

## उन्नत और प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

**जागरण, गुना।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के विशेष उपलक्ष्य में जिले के किसानों को आधुनिक खेती, नवाचार और उन्नत तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह मिलेट मिशन मेला गुरुवार को संपन्न हुआ। गायत्री मंदिर के सामने स्थित जलसा मैरिज गार्डन में आयोजित इस भव्य मेले के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में अन्नदाता शामिल हुए।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 27 फरवरी 2026 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com


## नीलामी और तौल कार्य कल भी चलेगा

**जागरण, इटारसी।** क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए एक राहत भरी खबर है। 28 फरवरी को कृषि उपज मंडी में अवकाश नहीं रहेगा। मंडी प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार, इस दिन मंडी प्रांगण में नीलामी और तौल की प्रक्रिया पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। मंडी प्रशासन ने सूचित किया है कि किसान आदि मंडी की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

### न्यूज कार्नर

#### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की विशेष सामान्य सभा की बैठक शनिवार 28 फरवरी को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरु होगी।

#### गर्ल्स कॉलेज का वार्षिक पुरस्कार वितरण कल

**विदिशा।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पूर्व जारी तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह कार्यक्रम शनिवार 28 फरवरी को प्रातः 11: 30 बजे आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य बीडी अहिरवार ने बताया कि विधायक मुकेश टण्डन, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कलेक्टर अंशुल गुप्ता तथा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल के अतिरिक्त संचालक मथुरा प्रसाद कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

#### यूथ पार्लियामेंट का आयोजन आज

**विदिशा।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 27 फरवरी को जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय विदिशा में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि डॉ लक्ष्मीकांत मरखेडकर, जिंपध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एसपी रोहित कासवानी, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटवआदि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी बृजेश प्रजापति द्वारा दी गई।

#### कॉलेज की छात्राओं ने निकाली रैली

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में स्वयंसेविकाओं ने उत्साह और उमंग के साथ डॉ शांता अहिरवार के नेतृत्व में प्रातः प्रभात फेरी निकाली। जिसमें जागरुकता नारे लगाकर ग्रामीण क्षेत्र वासियों को स्वच्छता, एकता एवं अनेक सामाजिक मुद्दों से अवगत करवाया। इसके साथ ही ग्राम संपर्क के माध्यम से स्वयंसेविकाओं के समूह ने ग्रामीण वासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं अवगत हुई।

### हर बार प्रशासन के प्रयास रहे असफल, अब 50 एकड़ भूमि का उलझ रहा पेंच

# शहर में 15 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी पुरानी अनाज मंडी को शिफ्ट नहीं करा पाया जिला प्रशासन

जागरण विदिशा

शहर के मध्य एवं व्यस्तम क्षेत्र में वर्षों से संचालित पुरानी अनाज मंडी के कारण आवागमन की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस मंडी को शहर से दूर स्थापित करने की दिशा में वर्षों पूर्व प्रयास हुए थे, इसके तहत मिर्जापुर में करीब 15 वर्ष पूर्व करोड़ों रुपए खर्च कर नई मंडी का निर्माण कराया गया, लेकिन इतने अधिक समय बाद भी शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधि पुरानी अनाज मंडी को नई मंडी में शिफ्ट नहीं करा पाए हैं। इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कई प्रयास किए जाते रहे लेकिन इस कार्य में प्रशासनिक अधिकारियों को असफलता ही हाथ लगी और समय बीतने के साथ-साथ अब मंडी को शिफ्ट करने में 50 एकड़ और जमीन की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। इसके चलते पुरानी मंडी को शिफ्ट करने में अभी कुछ वर्ष और लग जाने के आसार बन रहे हैं।

मालूम हो कि पिछले वर्ष जनवरी 2025 में भी जिला प्रशासन ने पुरानी अनाज मंडी को खाली कराने के लिए व्यापारियों पर दवाब बनाया था। मंडी में मंडी प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों आदि ने इस पुरानी मंडी में स्थित व्यापारियों की दुकानों, गोदामों का निरीक्षण किया। पक्की-कच्ची दुकानों का सर्वे किया। उनके साइजों को दर्ज किया। कितनी दुकानें लीज वाली कितनी बिना लीज की आदि जानकारी संकलित की थी। प्रशासन की इस प्रक्रिया के बाद व्यापारी भी सक्रिय हुए थे। इस दौरान यहां मंडी परिसर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अनाज व्यापारियों ने उन्हे अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। इससे पूर्व भी अनाज व्यापारी समय-समय पर पूर्व मंख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान से मिलते रहे हैं और नई मंडी में शिफ्ट होने में आ रही समस्याओं को दूर करने की मांग रखते आए हैं पर तमाम मुलाकातों व चर्चा के बाद भी व्यापारियों को कभी संतोषजनक जबाव नहीं मिल पाया है।



### विधानसभा में भी उठ चुका है 50 एकड़ भूमि का मामला

अब 50 एकड़ भूमि का मामला विधानसभा में भी उठ गया है। विधायक मुकेश टंडन ने इस मुद्दे को उठाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। विधायक का कहना है कि नई मंडी में जगह की कमी होने से 50 एकड़ भूमि की आवशकता है। भूमि का यह प्रस्ताव 2019 से लंबित है। वहीं मंडी परिसर में व्यापारियों को भूखंड की दर कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर तय की गई जो आसपास की मंडियों से अधिक होने के कारण 246 में से मात्र 16 भूखंड ही विक्रय हुए हैं। भूखंड दर अधिक होने से व्यापारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इन दोनों समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग विधायक ने की है।

### व्यापारियों के समक्ष यह आ रही समस्याएं

यहां नई मंडी में शिफ्ट होने को लेकर व्यापारी तीन प्रमुख समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते आए हैं। इसमें प्रमुख बात नई मंडी में प्लाटों के रेट अत्यधिक होना मानते हैं तो वहीं व्यापारी पुरानी मंडी में स्थापित दुकानों के बदले प्लाट की मांग भी करते रहे हैं। यह मांग पिछले 10 वर्ष से अधिक समय से चल रही और न तो शासन स्तर पर इसका हल निकल पा रहा और न जिला प्रशासन स्तर पर फलस्वरूप नई मंडी के साथ ही यह पुरानी मंडी भी सतत रूप से जारी है और नई मंडी को संचालित होने 15 वर्ष से अधिक समय बीत जाने एवं अनाज की आवक पहले की अपेक्षा कई गुना बढ़ जाने एवं ट्रेक्टर ट्रॉलियों व परिवहन वहनों की संख्या भी बढ़ने के कारण अब यह नया मंडी परिसर भी मंडी संचालन में पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। व्यापारी पुरानी मंडी में निर्मित दुकानों के बदले दुकान नई मंडी में दिए जाने एवं दुकान निर्माण का मुआवजा, वहीं मंडी प्लाटों के रेट कम किए जाने की मांग कई वर्षों से करते आ रहे हैं।

### 100 बीघा में नई मंडी, अब और चाहिए जमीन

शहर में 15 वर्ष से अधिक समय पूर्व करोड़ों रुपए से निर्मित यह अनाज मंडी परिसर 100 बीघा क्षेत्र में होना बताया जा रहा जो कि पुरानी मंडी से दोगुने क्षेत्र में स्थापित और सर्व सुविधा युक्त है। इसके बाद भी पुरानी मंडी इस परिसर में स्थापित नहीं हो पाई और नई मंडी के अलावा पुरानी मंडी यथावत संचालित है। इसमें नई मंडी में नीलाम कार्य एवं पुरानी मंडी में तौल का कार्य होता आ रहा है। पुरानी मंडी में व्यापारियों के गोदाम आदि होने से इस परिसर में ट्रेक्टर-ट्राली एवं भारी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नई मंडी परिसर के लिए यह जमीन 35 वर्ष पहले आवंटित हुई थी और आज की स्थिति में आवक बढने़, व्यापारियों की संख्या बढने, ट्रेक्टर ट्रालियों की संख्या बढने़, उत्पादन भी बढने़ से यह स्थान कम पडने़ लगा है।

## ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही ९० हजार का लगाया जुर्माना

### सड़क सुरक्षा के तहत जारी रहेगी कार्यवाही



जागरण विदिशा

सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में गुरूवार को थाना यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना यातायात प्रभारी आशीष राय एवं उनकी टीम द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक भार ले जाने वाले वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वाहन जप्त किया गया तथा प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा संबंधित वाहन पर ९०००० रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। एसपी ने बताया कि सडक सुरक्षा के तहत विदिशा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## फाग महोत्सव के लिए सज उठा खाटू धाम मंदिर



### आज से होंगे दो दिनी आयोजन

**विदिशा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्याम मंदिर खाटू धाम विदिशा में फाल्गुन शुक्ल एकादशी बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 27 एवं 28 फरवरी को फाग महोत्सव के दौरान श्याम मंदिर को बड़े सुंदर रूप से सजाया जा चुका है। श्याम भक्तों के दर्शन के लिए जिगजेग लाइनिंग की व्यवस्था हो चुकी है। जिससे श्याम भक्तों को सुगम दर्शन हो सके । जगह-जगह शीतल जल की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा एक मेडिकल टीम मंदिर पर पूरी समय उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर भजनों का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न स्थानों से आए भजन गायक भजनों की प्रस्तुती करेंगे। श्याम मित्र मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से शामिल होने का आग्रह किया।

## अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्यवाही 22 गैस सिलेंडर एवं नोजल पाइप जब्त

जागरण विदिशा

अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में सख्ती दिखाते हुए कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि बुधवार को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिताली मेहरा एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य के नेतृत्व में अटारी खेजडा में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान राजेश कुमार दांगी पिता कल्याण सिंह दांगी के निवास से अवैध रूप से रखे गए कुल 22 गैस



सिलेंडर जब्त किए गए। इनमें 11 भरे हुए घरेलू सिलेंडर, 4 आंशिक भरे घरेलू सिलेंडर, 3 व्यावसायिक सिलेंडर तथा 5 छोटे 5 किलोग्राम गैस सिलेंडर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मौके से 2 गैस रिफिलिंग मशीन मय नोजल पाइप तथा 12 घरेलू गैस उपभोक्ताओं की पासबुक भी जब्त की गई। जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 66 हजार रुपये बताया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि संबंधित द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम ईसी एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन पाएं जाने पर संबंधित के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सभी रोगों की जांच के लिए एक मार्च को शिविर होगा आयोजित

जागरण विदिशा

रेड क्रॉस सोसायटी विदिशा एवं बंसल हॉस्पिटल भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 1 मार्च रविवार को आयोजित होने वाले निःशुल्क परामर्श शिविर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को रेड क्रॉस भवन में बैठक की गई। बैठक में आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं, मरीजों की सुविधा, पंजीयन व्यवस्था, चिकित्सकों की ड्यूटी, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक जांच काउंटर तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि शिविर रेड क्रॉस सोसायटी परिसर, पुराना ब्लड बैंक, हॉस्पिटल रोड में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रेड क्रॉस सचिव संदीप उदयवाल ने बताया कि शिविर में भोपाल से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच व परामर्श दिया जाएगा।

शिविर में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विभाग से डॉ आरपी सिंह, लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जरी विशेषज्ञ डॉ कृपा शंकर तिवारी, स्त्री रोग आदि डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

## जिले में अब तक २९,९०६ किसानों ने कराया उपार्जन के लिए पंजीयन

जागरण विदिशा

शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं, चना एवं मसूर के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जिले में जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले की विभिन्न तहसीलों में कुल 113 सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा हैए वहीं एमपीऑनलाइन एवं सीएससी के 406 केन्द्रों पर 50 रुपये निर्धारित शुल्क के साथ पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

जिले में संचालित पंजीयन केन्द्रों में विदिशा तहसील में 26, गंजबासौदा में 11, त्योंदा में 4 सिरोंज में 15, कुरवाई में 12, पठारी में 4, लटेरी में 10, नटेरन में 7, शमशाबाद में 8, ग्यारसपुर में 7 तथा गुलाबगंज में 9 केन्द्र शामिल हैं। इन केन्द्रों पर किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार अब तक जिले के 29,906 कृषकों द्वारा उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया जा चुका है, जबकि शेष किसानों का पंजीयन कार्य जारी है।

### गेंहू के लिए 7 मार्च तक होगा

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि चना एवं मसूर के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च तय की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसान से अपील की गई है कि जो किसान अभी तक पंजीयन से वंचित हैं, वे निर्धारित तिथि से पूर्व अपना पंजीयन अवश्य कराएंए जिससे उन्हें उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडेत्र और शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### शांति समिति की बैठक | आगामी त्यौहारों के चलते कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## हर्षोल्लास के साथ मनें त्यौहार, भाईचारा रहे कायम

जागरण विदिशा

गुरूवार को आगामी त्यौहारो के चलते शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने जन हितैषी सुझावो के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियो को दिए गए।

पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में हुई इस बैठक में आगामी पर्व होली, रंगपंचमी पर्व ईद-उल फितर सहित अन्य पर्व के परिपेक्ष्य में किए जाने वाले बुनियादी प्रबंधो पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर ने कहा कि त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे। हम सब में भाईचारे की भावना में वृद्वि हो। शहर की फिजा किसी भी प्रकार से दूषित ना हो इन सभी बातों का विशेष ध्यान हम सब त्यौहार के दौरान रखें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यगणों द्वारा जो बहुउपयोगी सुझाव दिए गए है उन पर




अमल किया जाएगा। कलेक्टर ने होलिका दहन नियत स्थलों पर करने की अपील करते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि होलिका दहन के ऊपर विद्युत वायर ना हो। जबरन की किसी को रंग ना लगाएं। त्यौहार खुशी के प्रतीक है ऐसा संदेश हम अपने खुशी से दूसरों को भी दें। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा धुरेडी एवं रंगपंचमी पर निकलने वाले जुलूसो के मार्ग व व्यवस्थाओं हेतु किए जाने वाले प्रबंधों से अवगत कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी बैठक के दौरान सभी से आग्रह किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामकए मतभेद उत्पन्न करने वाली पोस्ट ना डाले और ना ही इस प्रकार की पोस्टो को फारवर्ड करें। उन्होंने जागरूक नागरिक का परिचय देने की सभी से अपेक्षा की है।गोताखोर तैनात गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी बेसए बेतवा नदी सहित अन्य घाटों पर होमगार्ड के सैनिक और गोताखोर धुरेडी एवं पंचमी के दिन तैनात रहेंगे। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

### गौ काष्ठ पर दिया जोर, बिजली एवं पानी व्यवस्था को रखें दुरुस्त

**कलेक्टर ने समिति के सभी सदस्यों के माध्यम से जिले में होलिका दहन में गौ.काष्ठ का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी ताकि पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विदिशा जिले से एक नई पहल शुरू हो। इस दौरान कलेक्टर गुप्ता ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारो के दौरान बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान ना हो के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। वही विभिन्न घाटो पर नगरपालिका के माध्यम से प्रकाश के लिए किए जाने वाले प्रबंधो में बिजली पूर्ति के संबंध में कोई व्यवधा ना हो। इसी के साथ उन्होने बिजली, पानी, पुलिस व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।**

## यूआईटी आरजीपीव्ही ने एलएनसिटी को एक रन से दी शिकस्त, श्रजल रहे मैन ऑफ द मैच

जागरण विदिशा

एसएटीआई में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन एलएनसिटी औरयूआईटी आरजीपीव्ही के बीच फाइनल मुकाबल हुआ। एलएनसीटी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एलएनसीटी ने पहले खेलते हुए 25 ओवर्स में 10 विकेट खोकर 160 रन बनाये, एलएनसिटी के बल्लेबाज हर्ष ने 5 चौके की मदद से 31 गेंदों पर 34 रनों की शानदार पारी खेली वहीं उनका साथ देते हुए अभिनीत गौर ने 14 गेंदों पर 24 रन बनाये इस पारी में उन्होने 2 चौके और 01 छक्का लगाया ।

यूआईटी, आरजीपीव्ही के गेंदबाज श्रजल शर्मा ने 04 ओवर्स में 22 रन देकर 04 विकेट हासिल किए उनका साथ देते हुए भरत असनानी ने 05 ओवर्स में 35 रन देकर 02 विकेट हासिल किये। जबाब में खेलते हुए यूआईटी, आरजीपीव्ही ने मात्र 22 ओवर में 161 रन बनाकर यह मुकाबला जीत



लिया। बल्लेबाज मुकुल सिंह ने 24 गेंदों में 40 रन बनाये इस पारी में उन्होंने 7 चैके और 1 छक्का लगाया, वहीं उनका साथ देते हुये फैजान ने 29 गेंदों पर 38 रन बनाये इस पारी में उन्होंने 7 चैके और 01 छक्का लगाया एलएनसीटी् के गेंदबाज तरंग ने 05 ओवर्स में 26 रन देकर 02 विकेट हासिल किये वहीं उनका साथ देते हुये प्रियांश कुमुद ने 4 ओवर्स में 28 रन देकर 02 विकेट हासिल किए। मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार यूआईटी, आरजीपीव्ही के श्रजल शर्मा को दिया गया।

फाइनल मैच में टीम परिचय के लिये नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाहने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

### खेलों के साथ पढ़ाई पर भी दें ध्यानः एएसपी

पूर्व प्रेसिडेंट एमपीसी एवं बीओजी मेंबर न मुख्य अतिथि के रूप में अभिलाष खांडेकर, पूर्व प्रेसिडेंट एमपीसी एवं बीओजी मेंबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप इंजीनियरिंग के छात्र है तथा खेल में भी अपना शानदार प्रदर्षन दे रहें हैं भविष्य के लिये अपनी शुभकामनाएं दी। एमजेईएस, डॉ लक्ष्मीकांत मरखेकर, सचिव एमजेईएस ने अपने उद्बोधन में माधवराव सिंधिया के किये गये कार्यो तथा उनके खेल प्रेम को सभी खिलाडियों के बीच मे साक्षा किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी एसएटीआई में इस प्रकार के खेल अयोजन होते रहेगें आप सभी आमंत्रित हैं। एसपी प्रशांत चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसएटीआई ने विश्व में कई प्रख्यात इंजीनियर्स दिये हैं साथ ही खेल को भी बढावा दिया है। उन्होंने खिलाडियो को खेल के साथ अपनी पढाई पर भी जोर देने को कहा।